कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com , Fax/☎ 05964-225234

पत्रांकः 3436 /12—1 दिनांक, पिथौरागढ़, 09 जनवरी, 2024।

सेवा में,

वन क्षेत्राधिकारी,
डीडीहाट।

विषयः— जनपद पिथौरागढ़ के राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट अन्तर्गत तिलाड़ी से सेरा तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 3.02 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0 नि0 वि0 को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः— भारत सरकार का पत्र सं0 8बी/यूसीपी/06/79/2021/एफसी0/531 दिनांक 04.07.2023 व प्रस्तावक विभाग का पत्रांक 3384/3सी दिनांक 01.12.2023।

उपरोक्त विषयक कम में भारत सरकार द्वारा अपने सन्दर्भित पत्र से विषयक मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव में आपत्ति उद्धृत की गयी है कि **"प्रस्तावित मार्ग का अवलोकन कर यह ज्ञात होता है कि गांव तिलाड़ी एवं सेरा पूर्व मार्ग से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में मार्ग से इन दोनों गांवो की दूरी लगभग 500 मी0 के भीतर है। अतः राज्य सरकार द्वारा इन दोनों गांवों के लिए नये मार्ग की आवश्यकता स्पष्ट नहीं है। गांव दुबतड़ हालांकि मार्ग से नहीं जुड़ा है किन्तु प्रस्तावित समरेखन के बिन्दु सं0 1 से 7 तक ही मार्ग का निर्माण कर गांव दुबतड़ को मार्ग से जोड़ा जा सकता है।"**

उक्त के सम्बन्ध में प्रस्तावक विभाग द्वारा अपने सन्दर्भित पत्र से आख्या उपलब्ध कराते हुए प्रस्तावित मोटर मार्ग के निरीक्षण किये जाने हेतु तिथि निर्धारण का अनुरोध किया गया है। अतः निर्देशित करना है कि आप प्रस्तावक विभाग से सम्पर्क कर प्रस्तावित समरेखन का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। तथा प्रस्तावित मार्ग समरेखन की औचित्यता के साथ साथ भारत सरकार द्वारा उद्धृत आपत्ति का अवलोकन करते हुए इस सम्बन्ध में स्पष्ट विस्तृत आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।

संख्याः— 3436 /12—1 दिनांकित।

प्रतिलिपिः— अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 डीडीहाट को सूचनार्थ एवं संयुक्त निरीक्षण किये जाने हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।